## स्कूली बच्चों ने प्रस्तुत किए सांस्कृतिक कार्यक्रम

# गणतंत्र दिवस समारोह की फुल रिहर्सल का तेजली स्टेडियम में हुआ आयोजन

- जिला उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने किया ध्वजारोहण
- गणतंत्र दिवस पर जिलास्तरीय समारोह में 26 जनवरी को हरियाणा के गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज करेंगे ध्वजारोहण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर







यमुनानगर। जिलास्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह की फुल ड्रैस रिहर्सल में ध्वजा रोहण करते उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार व जिलास्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह की फुल ड्रैस रिहर्सल में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते हुए स्कूल के बच्चे। फोटो :हरिभूमि

75वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर 26 जनवरी को जिलास्तरीय समारोह को भव्य रुप से मनाए जाने को लेकर जिला प्रशासन द्वारा सभी प्रकार की तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। बुधवार को जिलास्तरीय समारोह में प्रस्तुत किए जाने वाले कार्यक्रमों की तेजली खेल परिसर में फुल ड्रेस रिहर्सल की गई। जिसका अवलोकन उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने किया। उन्होंने ध्वजारोहण किया व परेड की सलामी ली। उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने बताया कि गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर 26 जनवरी को सुबह 10 बजे तेजली खेल परिसर में हरियाणा के गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज परेड का निरीक्षण कर मार्च पास्ट की सलामी लेंगे।

इससे पूर्व पुलिस लाइन जगाधरी में स्थित शहीदी स्मारक पर जाकर शहीदों को नमन करेंगे। उन्होंने बताया कि आज की गई फुल ड्रैस रिहर्सल में सभी टुकडियों ने सराहनीय प्रदर्शन किया है। उन्होंने बताया कि गणतन्त्र दिवस के अवसर पर परेड का नेतृत्व आईपीएस अधिकारी सृष्टि गुप्ता करेंगी व परेड में पुरुष पुलिस की पहली टुकड़ी का नेतृत्व पीएसआई विशाल सैनी, पुरुष आर्मड पुलिस मधुबन की टुकड़ी का नेतृत्व एसआई चांद सिंह, महिला पुलिस की टुकड़ी का नेतृत्व एएसआई आरती, दुर्गा शक्ति करनाल की महिला टुकड़ी का नेतृत्व एएसआई मीनू रानी, गृह रक्षी दल टुकड़ी का नेतृत्व एसआई रमेश कुमार, एनसीसी लड़कों की टुकड़ी का नेतृत्व सीनियर अंडर ऑफिसर आर्या, एनसीसी लड़कियों की टुकड़ी का नेतृत्व सीनियर अंडर ऑफिसर सरलता, गाइड लड़कियों की टुकड़ी का नेतृत्व कुमारी संजना, प्रजातंत्र के प्रहरी टुकड़ी का नेतृत्व कुमारी कीर्ति व गुर्जर कन्या विद्या मंदिर देवधर का बैंड जिसका नेतृत्व कुमारी अवंतिका करेंगी। मौके पर जिला के स्वतंत्रता सेनानियों व युद्ध वीरांगनाओं को सम्मानित किया जाएगा व साथ ही सराहनीय कार्य करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों को भी सम्मानित किया जाएगा।

### स्कूलों के विद्यार्थी विभिन्न कार्यक्रमों में लेंगे भाग

उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने बताया कि जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर शारीरिक कार्यक्रमों में 12 स्कूलों के विद्यार्थी भाग लेंगे। समारोह मे सरस्वती पब्लिक स्कूल जगाधरी के विद्यार्थियों द्वारा केसरिया बालम पधारो म्हारे देश गीत पर राजस्थानी नृत्य, डीएवी पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा चंद्रयान की सफलता पर कोरियोग्राफी, सेक्रेड हार्ट कान्वेंट पब्लिक स्कूल जगाधरी के विद्यार्थियों द्वारा गुजराती नृत्य, गुर्जर कन्या विद्या मंदिर देवधर के विद्यार्थियों द्वारा स्वामी दयानन्द सरस्वती जी के जीवन पर नृत्य नाटिका, राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सब्जी मंडी की छात्राओं द्वारा गिद्दा, राजकीय कन्या वरिष्ठ, माध्यमिक विद्यालय जगाधरी के विद्यार्थियों द्वारा हरियाणवी नृत्य की प्रस्तुति दी जाएगी।

वहीं, विभिन्न सरकारी विभागों द्वारा सरकार की विकासात्मक जनकल्याणकारी नीतियों व विकास को दर्शाती हुई झांकियां भी अपनी विशेष छटा बिखेरेगीं।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक गंगाराम पुनिया, अतिरिक्त उपायुक्त आयुष सिन्हा व सीओ जिला परिषद नवीन आहूजा आदि मौजूद रहे।



यमुनानगर। केंद्रीय सहकारी बैंक लिमिटेड के बुधवार को हुए चुनाव में नवनियुक्त चेयरमैन धर्मसिंह बंचल को फूलमालाएं पहनाकर सम्मानित करते पूर्व राज्यमंत्री कर्णदेव कांबोज व अन्य। फोटो :हरिभूमि

## धर्म सिंह बंचल दी केंद्रीय सहकारी बैंक लिमिटेड के बने चेयरमैन

- विनोद गुप्ता को मिली वाइस चेयरमैन की जिम्मेवारी
- पूर्व राज्य मंत्री कर्णदेव कांबोज ने नवनियुक्त चेयरमैन को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

दी केंद्रीय सहकारी बैंक लिमिटेड यमुनानगर के चेयरमैन व वाइस चेयरमैन पद के लिए बुधवार को चुनाव हुआ। जिसमें सर्वसम्मति से निदेशकों ने धर्म सिंह बंचल निवासी रादौर को बैंक का चेयरमैन व विनोद गुप्ता निवासी प्रतापगढ़ को वाइस चेयरमैन नियुक्त किया। चुनाव प्रक्रिया में निदेशक मनमोहन सिंह ने धर्मसिंह बंचल का नाम चेयरमैन पद के लिए प्रपोज किया। जिस पर निदेशक मंदीप सिंह कंडेला ने इसका अनुमोदन किया। वहीं सर्वसम्मति से विनोद गुप्ता को भी वाइस चेयरमैन चुनने पर सभी ने सहमति जताई। नवनियुक्त चेयरमैन व वाइस चेयरमैन को निदेशकों व उनके समर्थकों ने फूलमालाएं पहनाकर सम्मानित किया।

### बैंक के छठे चेयरमैन बने

दी केंद्रीय सहकारी बैंक लिमिटेड यमुनानगर के बुधवार को संपन्न हुए चेयरमैन पद के चुनाव के बाद धर्मसिंह बैंक के छठे चेयरमैन बने। इससे पहले आरसी शर्मा 25 अप्रैल 1994 को बैंक के पहले चेयरमैन बने थे। जिसके उपरांत अंग्रेज सिंह बापौली 20 अक्टूबर 2003 को दूसरे चेयरमैन बने। अशोक चौधरी 1 जून 2007 को बैंक के तीसरे चेयरमैन बने। केहर सिंह झंडा 27 अप्रैल 2012 को बैंक के चौथे चेयरमैन बने। मनमोहन सिंह खदरी 23 मई 2017 को बैंक के पांचवे चेयरमैन बने। जिसके उपरांत बुधवार को धर्मसिंह बंचल 24 जनवरी को बैंक के छठे चेयरमैन बने। इससे पहले रादौर क्षेत्र से केवल एक बार अंग्रेज सिंह बापौली बैंक के चेयरमैन रह चुके है। धर्म सिंह बंचल रादौर क्षेत्र से दूसरे ऐसे व्यक्ति हैं जो चेयरमैन पद पर काबिज हुए हैं।

नवनियुक्त चेयरमैन धर्म सिंह बंचल ने अपनी नियुक्ति के लिए मुख्यमंत्री मनोहरलाल, शिक्षामंत्री कंवरपाल गुर्जर, बिजली मंत्री रणजीत सिंह चौटाला, पूर्व राज्यमंत्री कर्णदेव कांबोज व सभी निदेशकों का आभार प्रकट किया।

## सामुदायिक भवन खजूरी में 28 को होगा समरस गंगा उत्सव

- भारतीय जीवन मूल्यों के संरक्षण का उत्सव हैं समरस गंगा उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



यमुनानगर। आयोजित बैठक में भाग लेते समरस गंगा उत्सव आयोजन समिति के पदाधिकारी।

समरस गंगा उत्सव आयोजन समिति की बैठक समिति के संरक्षक विनोद कुमार की अध्यक्षता में हुई। जिसमें खजूरी के सामुदायिक भवन में 28 जनवरी को होने वाले समरस गंगा उत्सव की सफलता को लेकर विचार विमर्श किया गया।

संरक्षक विनोद कुमार ने बताया कि उत्सव में पूर्वजों, संतों व महापुरुषों द्वारा शुरू की गईं कुछ श्रेष्ठ परम्पराओं व संस्कारों को कैसे संरक्षित किया जाए। इस पर विचार किया जायेगा। इन संस्कारों व संस्कृति को युवा पीढ़ी भी आत्मसात करें इसकी योजना की जाएगी। समाज में कुटुंब प्रबोधन, गौ सेवा, जैविक खेती, पर्यावरण संरक्षण, सामजिक समरसता, सनातन जीवन मूल्यों का संरक्षण व सामाजिक सद्भावना कैसे स्थापित हो, इस पर विचार व चिंतन होगा। समाज में इन सभी विषयों पर काम कर रहे बंधु अपना अनुभव सांझा करेंगे तथा आगामी योजना बनाएंगे। उन्होंने बताया कि हरियाणा प्रांत व उत्तर क्षेत्र में इन श्रेष्ठ कायोंर् को करने में लगे महानुभाव भी इस कार्यक्त्रम में अपना मार्गदर्शन करेंगे। इस उत्सव में गीत -भजन का भी कायक्रम रहेगा। जिसमे लोक गायक अपनी प्रस्तुति देंगे। इस अवसर समिति पदाधिकारी कुंवर पाल, हरिंदर मोहन, रविंद्र, अमित, भानु राम आदि उपस्थित रहे।

## हरजाई ट्रेडर्स दुकान से 70 हजार के नोटों के हार चोरी

यमुनानगर। शहर के रेलवे रोड पर हरजाई ट्रेडर्स दुकान की दीवार तोड़कर चोरों ने 70 हजार के नोटों के हार चोरी कर लिए। शहर पुलिस ने अज्ञात पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार न्यू हमीदा निवासी सुनील हरजाई ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी पेपर मिल गेट के सामने रेलवे रोड पर हरजाई ट्रेडर्स के नाम से दुकान है। रोज की तरह रात को वह दुकान बंद करके घर आ गया था। सुबह दुकान पर पहुंचा। शटर खोलकर जब वह दुकान के अंदर गया तो उसने देखा कि पिछली साइड से उसकी दुकान की दीवार टूटी हुई थी। दुकान में सामान बिखरा पड़ा था। गल्ला टूट हुआ था। जांच करने पर दुकान से 70 हजार रुपये के नोटों के हार व अन्य सामान गायब था। इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन की। शहर पुलिस ने अज्ञात पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# रादौर में भव्य रुप से मनाया जाएगा उपमंडलस्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह





यमुनानगर। रादौर में आयोजित फुल ड्रैस रिहर्सल में परेड की सलामी लेते हुए एसडीएम चंद्रकांत कटारिया व सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रस्तुतियां देते बच्चे। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

रादौर में 75वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर 26 जनवरी को उपमंडलस्तरीय समारोह के लिए बुधार को फुल ड्रैस रिहर्सल का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्यातिथि के रुप में रादौर के एसडीएम चंद्रकांत कटारिया ने अवलोकन किया। उन्होंने ध्वजारोहण कर मार्च पास्ट की सलामी ली। मौके पर उन्होंने इस कार्यक्रम को और अधिक भव्य बनाने के लिए अलग अलग विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

मुख्यातिथि एवं रादौर के एसडीएम चंद्रकांत कटारिया ने बताया कि गणतंत्र दिवस के अवसर पर रादौर की अनाज मंडी में विधायक लीलाराम गुर्जर ध्वजारोहण कर परेड का निरीक्षण करके मार्च पास्ट की सलामी लेंगे। गणतन्त्र दिवस के अवसर पर परेड में हरियाणा पुलिस की टुकड़ी, इंडियन पब्लिक स्कूल एनसीसी की टुकड़ी, राजकीय माडल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रादौर की लड़कियों की टुकडियों द्वारा शानदार मार्चपास्ट किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस बार गणतंत्र दिवस समारोह को गत वर्षोर् से हटकर अत्यंत प्रभावी ढंग से मनाया जाएगा। इस अवसर पर नायब तहसीलदार अनिल कुमार, डीएसपी गुरमेल सिंह आदि मौजूद रहे।



यमुनानगर। रादौर में राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी मजदूर यूनियन की जिला कार्यकारिणी के नवनियुक्त पदाधिकारियों को फुलमालाएं पहनाकर सम्मानित करते सदस्य।

## राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी मजदूर यूनियन के मनोज बने प्रधान

- रादौर में आयोजित बैठक में राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी मजदूर यूनियन की जिला कार्यकारिणी का हुआ गठन
- नवनियुक्त कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को फुलमालाएं पहनाकर सम्मानित किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी मजदूर यूनियन की ओर से बुधवार को रादौर में एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष बिट्टू गहलोत ने की। बैठक में यूनियन की जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया।

बैठक में मनोज कुमार को यूनियन का प्रधान मनोज कुमार नियुक्त किया गया। वहीं, विजय कुमार को महासचिव, जनकराम को वरिष्ठ प्रधान, सुखदेव को उप प्रधान, अंकुश कुमार को सहसचिव, कश्मीरी लाल को संगठन मंत्री, श्याम लाल को मुख्य सलाहकार, तलविंदर सिंह को कोषाध्यक्ष, बलदेव सिंह को उपाध्यक्ष, राजेश कुमार को प्रेस सचिव, प्रदीप कुमार को कार्यकारी अध्यक्ष, जितेंद्र कुमार को ऑडिटर, फूलचंद, निक्कू, अंकित, दिनेश कुमार, मिंटू, सुरेश व राकेश को कार्यकारिणी के सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया। नवनियुक्त कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को फुलमालाएं पहनाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर नवनियुक्त प्रधान मनोज कुमार ने कहा कि उनका उद्देश्य कर्मचारियों की मांगों को पूरा करवाना व समस्याओं का समाधान करवाना होगा।

## रोडवेज कर्मचारियों ने मांगों को लेकर दिन भर रखा चक्का जाम



यमुनानगर। हरियाणा रोड़वेज कर्मचारी संयुक्त मोर्चा से जुड़े रोडवेज कर्मचारियों ने अपनी मांगो को लेकर बुधवार को दिन भर चक्का जाम रखा। बुधवार सुबह हरियाणा रोड़वेज कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के बैनर तले सैंकड़ो रोड़वेज कर्मचारी वरिष्ठ कर्मचारी नेता फूलकुमार आदि के नेतृत्व में बस स्टैंड परिसर में पहुंच गए और प्रदर्शन करने लगे। इस दौरान उन्होंने सभी बसों को बस स्टैंड व कार्यशाला के भीतर ही खड़ा करके चक्का जाम कर दिया। मौके पर उन्होंने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। कर्मचारी नेता फूलकुमार व नंद कांबोज ने कहा कि पिछले लंबे समय से रोड़वेज कर्मचारी अपनी मांगो को लेकर संघर्ष कर रहे हैं। मगर उनकी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। उन्होंने सरकार से कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने, निजीकरण नीति समाप्त करने, 2016 के चालकों को पक्का करने, पुरानी पेंशन नीति लागू करने आदि समेत सभी मांगो को पूरा किए जाने की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने सरकार को उनकी मांगे पूरी नहीं करने पर अनिश्चितकालीन हड़ताल किए जाने की चेतावनी दी।

## पत्नी के साथ मारपीट करने के आरोप में पति के खिलाफ केस दर्ज, मामले में अभी आरोपी नहीं हुआ गिरफ्तार

*यमुनानगर। शराब पीकर गालियां देने से रोकने पर पति ने अपनी पत्नी से मारपीट की। पुलिस ने पत्नी की शिकायत पर उसके पति पर केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार ज्योति नगर निवासी सोमवती ने सेक्टर 17 थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह कोठियों में झाड़ू पोछा लगाने का कार्य कर ती है। उसका पति शराब पीने का आदी है। सोमवार को उसका पति शराब पीकर घर पर आया। आते ही उससे गाली गलौज करने लगा। जब उसने उसे गालियां देने से रोका तो आरोपी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी देकर घर से चला गया। परेशान होकर उसने अपने पति की शिकायत पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।*

## आश्रम में घुसकर सामाजिक कार्यकर्ता के साथ मारपीट कर मांगे 50 हजार

यमुनानगर। गांव ताजेवाला स्थित अवैस्ता फाउंडेशन के आश्रम में घुसकर तीन लोगों ने सामाजिक कार्यकर्ता अंधेरी वेस्ट मुंबई निवासी नाज पटेल के साथ मारपीट की। इस दौरान आरोपियों पर अश्राम चलाने के नाम पर उससे 50 हजार रुपये मंथली मांगने का भी आरोप है। गांव के सरपंच पर भी आरोपियों का पक्ष लेने व आश्रम खाली करवाने का दबाव डालने का आरोप लगा है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद चारों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार नाज पटेल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने गांव ताजेवाला में अवैस्ता फाउंडेशन के नाम से आश्रम चलाया हुआ है। जो कि दिल्ली की रजिस्टर्ड संस्था है। आश्रम में सड़क पर घुम रहे असहाय लोगों को रखा जाता है। 22 जनवरी को लाइट गई हुई थी। इस दौरान वह आश्रम में आग सेक रही थी। तभी गांव ताजेवाला निवासी नासिर, फिरोज व गांव खिजरी निवासी जावेद उसके आश्रम में घुस गए। आरोपियों ने फोन से उनकी वीडियो बनानी शुरू कर दी और उसके साथ अश्लील हरकत करते हुए अभद्र भाषा बोलने लगे। आरोपी उससे आश्रम बंद करने के लिए कहने लगे। आरोपियों ने कहा कि अगर उसे आश्रम चलाना है तो उसे 50 हजार रुपये मंथली देने होंगे। इस दौरान उसने गांव के सरपंच जाकिर हुसैन पर फोन करके उसे बुला लिया। सरपंच ने उसकी एक न सुनी और आरोपियों का साथ देने लगा। सरपंच ने उसे रेजुलेशन डालकर आश्रम को उठवाने की धमकी दी और आश्रम चलाने के बदले 50 हजार रुपये महीना देने को कहा। जब उसने पुलिस को फोन किया तो आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। उसने आरोपियों के खिलाफ पुसिस में शिकायत दी। पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ धारा 323, 354, 384, 452 व 506 के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

**अभियान** | नगर निगम की टीम ने विशेष अभियान चलाया

## शहर में लगे अवैध होर्डिंग व फ्लेक्स बोर्ड हटवाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



यमुनानगर में लगे अवैध होर्डिंग व फ्लेक्स बोर्ड हटाते निगम कर्मी।

नगर निगम की टीम ने बुधवार को विशेष अभियान चलाकर शहर में विभिन्न स्थानों पर अवैध रूप से लगाए गए होर्डिंग, फ्लेक्स बोर्ड, बैनर हटाए। यह होर्डिंग व फ्लेक्स शहर के मुख्य मागोंर् पर स्ट्रीट लाइट के पोल, विभिन्न चौकों, पाकोंर् की दीवारों व अन्य सार्वजनिक स्थानों पर अवैध रूप से लगाए हुए थे। बिना अनुमति से लगाए गए ये फ्लेक्स व होर्डिंग जहां शहर की सुंदरता बिगाड़ रहे थे, वहीं निगम को लाखों रुपये के राजस्व का नुकसान भी हो रहा था। निगम आयुक्त आयुष सिन्हा के निर्देशों पर शहर में अवैध रूप से लगे होडिंग और फ्लेक्स हटाने के लिए वार्ड एक से सात तक एटीपी मुनेश्वर भारद्वाज व वार्ड आठ से 22 तक एटीपी लख्मी सिंह तेवतिया के नेतृत्व में टीकों का गठन किया गया। बुधवार को निगम की टीम ने शहर की सड़कों के डिवाइडरों, चौकों, स्ट्रीट लाइट के पोल व अन्य सार्वजनिक स्थानों पर बिना निगम की अनुमति अवैध रूप से लगाए गए होडिंग, फ्लेक्स बोर्ड, बैनर व पोस्टर हटाए। निगम कर्मियों ने इन होडिंग व बैनरों को उतारकर वाहनों में लोड कर निगम के गोदाम में पहुंचाया।

अतिरिक्त निगम आयुक्त धीरज कुमार ने कहा कि नगर निगम इलाके में होडिंग लगाने के लिए कुछ स्थान चिन्हित किए गए है। नगर निगम की ओर से निर्धारित इन जगह पर शुल्क देकर ही फ्लेक्स बोर्ड या होडिंग लगाए जा सकते है। शहर में होडिंग लगाने के लिए नगर निगम से अनुमति लेनी होती है, लेकिन कुछ लोगों ने शहर में बिना निगम की अनुमति लिए अवैध रूप से होडिंग व फ्लेक्स बोर्ड लगाए हुए थे। जो अवैध हैं।

## खबर संक्षेप



### महंगाई व बेरोजगारी के लिए भाजपा जिम्मेदार

**कुरुक्षेत्र।** राहुल प्रियंका सेना के जिला अध्यक्ष सुधीर चुघ ने कहा है कि भाजपा को महंगाई व बेरोजगारी पर अंकुश लगाने के लिए कोई ठोस कदम उठाने चाहिए। भाजपा मुद्दों से जनता का ध्यान हटाने का काम कर रही है। जबकि महंगाई व बेरोजगारी से जनता बेहाल है। ऐसे में अगर सरकार ने महंगाई व बेरोजगारी पर कोई अंकुश नहीं लगाया तो आने वाले दिन जनता के लिए बहुत ही भयावह साबित होंगे। उन्होंने कहा कि आज महंगाई के चलते गरीब आदमी को दो वक्त की रोटी करने के जुगाड़ के लाले पड़े हुए हैं।

### जिले में आज मनेगा राष्ट्रीय मतदाता दिवस

**थानेसर।** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी शांतनु शर्मा ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 25 जनवरी को 14वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस अग्रसेन पब्लिक स्कूल सेक्टर-13 कुरुक्षेत्र के सभागार में मनाया जाएगा। इस राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर 14वां राज्य स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हरियाणा सरकार के मुख्य सचिव संजीव कौशल होंगे।

### समाजसेवी संदीप गर्ग ने की पूजा-अर्चना

**लाडवा।** लाडवा के बजाजा बाजार के शिव दीवाला मंदिर में अयोध्या में श्रीरामलला जी की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें समाजसेवी एवं नेता संदीप गर्ग ने भाग लेकर पूजा-अर्चना की। समाजसेवी संदीप गर्ग ने कहा कि 22 जनवरी का दिन पूरे देश के लोगों के लिए ऐतिहासिक बन गया है। क्योंकि इस दिन भगवान श्री राम ने अयोध्या में बने राम मंदिर में प्रवेश कर लिया है। उन्होंने कहा कि अब टैंट में नहीं, भव्य मंदिर में विराजेंगे बालक राम।

### रक्तदान शिविर का आयोजन 26 को

**कुरुक्षेत्र।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर 26 जनवरी को प्रातः 11 बजे से 2 बजे के मध्य लोकनायक जयप्रकाश अस्पताल कुरुक्षेत्र में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर में कोई भी स्वस्थ व्यक्ति रक्तदान कर सकता है।

### केयू के प्रो. ब्रजेश साहनी ने संभाला कार्यभार

कुरुक्षेत्र। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के आदेशानुसार बुधवार को विश्वविद्यालय के अंग्रेजी विभाग के प्रो. ब्रजेश साहनी ने आगामी तीन वर्षों के लिए अंग्रेजी विभाग के अध्यक्ष का कार्यभार संभाला। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष प्रो. ब्रजेश साहनी ने कुवि कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा का धन्यवाद करते हुए कहा कि विभाग को शैक्षणिक एवं शोध सहित अन्य क्षेत्रों में शिखर पर ले जाना तथा विभाग के विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास भी विभाग की प्राथमिकता है। इसके लिए विभाग के शिक्षकों का सहयोग भी अपेक्षित है।

---

196 में से ज्यादातर बसें नया व पिहोवा बस अड्डा परिसर में ही खड़ी रहीं

# मांगों को लेकर रोडवेज कर्मियों का चक्काजाम, हजारों यात्री परेशान

हड़ताल के चलते सबसे ज्यादद परेशानी छात्र-छात्राओं को कॉलेज आने-जाने में हुई और यात्री भी सड़को पर भटकते रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा रोडवेज कर्मचारी सांझा मोर्चे के आह्वान पर रोडवेज कर्मियों ने बुधवार को चक्का जाम रखा। रोडवेज बसों के चक्का जाम के चलते यात्री दिनभर परेशान रहे। रोडवेज बस अड्डा परिसर में दिनभर सन्नाटा पसरा रहा।

कड़ाके की ठंड में रोडवेज कर्मियों ने नया बस अड्डा परिसर के प्रवेश द्वार पर धरना देकर सरकार की वायदा खिलाफी को लेकर नारेबाजी की। 196 में से ज्यादातर बसें नया व पिहोवा बस अड्डा परिसर में ही खड़ी रह गईं। पूरा दिन कर्मी बस अड्डा परिसर में ही डटे रहे और नारेबाजी की। वहीं हड़ताल के चलते रोडवेज की बसों में सफर करने वाले करीब 30 हजार यात्री मारे-मारे फिरते रहे। सबसे ज्यादा दिक्कत छात्र-छात्राओं को कॉलेज आने-जाने में हुई। जान जोखिम में डालकर निजी बसों की छतों व दरवाजों पर लटक कर सफर करना पड़ा।

वहीं हड़ताल के कारण रोडवेज को करीब आठ से दस लाख रुपये का फटका लगा। उधर निजी वाहन चालकों ने हड़ताल का खूब फायदा उठाया और यात्रियों से मनमाने दाम वसूलकर खूब चांदी कूटी। रोडवेज के कुरुक्षेत्र डिपो व पिहोवा सब डिपो में ज्यादातर कर्मचारी हड़ताल पर रहे। कर्मचारी नेता नरेंद्र पांचाल व रणजीत करोड़ा ने कहा कि सरकार मानी गई मांगो को लागू न करके रोडवेज कर्मचारियों को हड़ताल जैसे आंदोलन करने को मजबूर कर रही हैं। सरकार समय रहते मानी गई मांगो के परिपत्र जारी करे अन्यथा सांकेतिक को आगे भी बढ़ाया जा सकता हैं। केन्द्रीय ट्रेड यूनियन एआईयूटयूसी की ओर से जिला संयोजक कामरेड राजकुमार सारसा ने हरियाणा रोडवेज कर्मचारियों की हड़ताल को पूरा समर्थन देने की घोषणा की।



कुरुक्षेत्र। बस अड्डा परिसर में धरना देकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते रोडवेज कर्मी। *फोटो : हरिभूमि*



कुरुक्षेत्र। निजी बसों से गंतव्य की ओर जाते यात्री। *फोटो : हरिभूमि*

#### यात्री दिनभर रहे परेशान

*पानीपत निवासी अमन ने बताया कि वह एक घंटे से पुराना बस अड्डा पर पानीपत के लिए बस का इंतजार कर रहा है, लेकिन कोई बस नहीं आई। विकास ने बताया कि जब वह कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय परिसर से निकला तो उसे नहीं पता था कि आज हड़ताल है। जब काफी देर से कोई बस नहीं आई और कम यात्री दिखाई दिए तो पता चला कि आज हड़ताल है। ऐसे में अब उसे निजी बस में जाना पड़ेगा। वही पिहोवा निवासी विकास कुमार ने बताया कि वह कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के नजदीक कोचिंग लेने के लिए आता है। बुधवार को वह सुबह निजी बस में कुरुक्षेत्र तो आ गया, लेकिन वापस जाने के लिए काफी देर तक कोई बस नहीं मिली और जो निजी बस आ रही हैं वह भी पूरी तरह से खचाखच भरी हुई आ रही हैं। ऐसे में वापस जाना ही मुश्किल हो गया है।*

#### कर्मचारियों की मांगे

मुख्य मांगों में हिट एंड रन भारतीय न्याय सहिता काले कानून को तुरंत वापिस लिया जाए, 265 मार्गो पर असिमत परमिट पॉलिसी को वापिस लेकर रोडवेज बेड़े में नई बसे खरीदी जाए,परिचालक,चालक, लिपिकों की वेतन विसंगति दूर की जाए,देय अवकाश कटौती पत्र वापिस लिया जाए,बसों के मरमत कार्य कम्पनी को न दिया जाए, 2016 में भर्ती हुए चालको सहित दादरी डिपो के 52 हेल्परो को पॉलिसी बना कर पक्का किया जाए,2002 में भर्ती हुए चालको को नियुक्ति से पक्का करके इन्हें पुरानी पेंशन योजना में शामिल किया जाए,28/10/2005 से पहले भर्ती प्रकिया के तहत भर्ती होने वाले कर्मचारियों को सरकार के आदेशों अनुसार पुरानी पेंशन योजना में शामिल किया जाए, ग्रुप डी के कर्मचारियों को कॉमन कडर से बहार करके तकनीकी पदों पर प्रमोशन की जाए, बकाया कई वर्षों के बोनस का भुगतान किया जाए,तकनीकि वेतनमान से वंचित कर्मचारियों को तकनीकी वेतन मान दिया जाए।

---



### दिव्यांग विद्यार्थियों के अनुकूल हो स्कूल वातावरण

- 7 जिलों के पीएमश्री विद्यालयों के अध्यापकों का प्रशिक्षण शुरू

कुरुक्षेत्र। हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद द्वारा तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया है जिसमें 7 जिलों से पीएम श्री विद्यालयों के एक-एक अध्यापक को आमंत्रित किया गया है। बीआरसी कार्यालय के सभागार में आयोजित शिविर का उद्घाटन समग्र शिक्षा जिला परियोजना समन्वयक सन्तोष शर्मा ने किया। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में जिला कुरुक्षेत्र, अंबाला, पंचकूला, कैथल, करनाल, पानीपत व यमुनानगर जिलों से लगभग 50 अध्यापक आमंत्रित किए गए हैं। विशेष कार्यक्रम सरकारी विद्यालयों में शिक्षा ग्रहण कर रहे विशेष आवश्यकता वाले दिव्यांग बच्चों के लिए किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में विस्तार से इस बात का प्रशिक्षण दिया जाएगा विद्यालयों में विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के साथ कैसे व्यवहार करें और कैसे वह अपने आप को मुख्य धारा में शामिल समझें। उन्होंने कहा कि विद्यालय का वातावरण पूरी तरह दिव्यांग विद्यार्थियों के अनुकूल होना चाहिए।



### घर घर कांग्रेस हर -घर कांग्रेस रैली 29 को होगी

**पिहोवा।** 29 जनवरी को कांग्रेस पार्टी द्वारा पिहोवा के एक निजी पैलेस आयोजित घर घर कांग्रेस हर घर कांग्रेस रैली में अधिक से अधिक भीड़ जुटाने के लिए वरिष्ठ कांग्रेस नेता बलविंदर सिंह चीमा व उनके पुत्र तजिंदर सिंह चीमा ने तथा उनके समर्थकों ने पूरी ताकत झोंक दी है। चीमा ने पिछले एक सप्ताह में प्रत्येक गांव तथा नगर के वार्डो में जाकर लोगों को रैली में आने का निमंत्रण दिया। चीमा ने कहा कि भीड़ की दृष्टि से रैली एक रिकॉर्ड तोड़ रैली होगी। रैली में भारी संख्या में महिलाएं भीबढ़-चढ़कर भाग लेंगी। राज्यसभा सांसद दीपेन्द्र सिंह हुड्डा ,पूर्व विधानसभा स्पीकर कुलदीप शर्मा , पूर्व मंत्री अशोक अरोड़ा व फरीदकोट पंजाब से सांसद व पंजाबी कलाकार मोहम्मद सदीक नेता संबोधित करेंगे। रैली मे अधिक से अधिक भीड़ जुटाने के लिए चीमा के समर्थक व परिवार के सदस्य रैली की सफलता के लिए घर- घर जाकर लोगों को रैली का निमंत्रण दे रहे हैं। कांग्रेस नेता तजिंदर सिंह चीमा ने कहा प्रदेश का युवा रोजगार न मिलने पर देश को छोड़ विदेश की ओर पलायन कर रहे हैं । हरियाणा के युवा डोंकी के जरिए बेरोजगारी के कारण मेहनत मजदूरी करने विदेश जा रहे हैं।

---

## पिपली का होगा चहुंमुखी विकास : विक्रमजीत

- ट्रामा सेंटर व अंतरराज्यीय आधुनिक बस अड्डा बनवाने के होंगे प्रयास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। पिपली में पहुंचने पर विक्रमजीत चीमा का स्वागत करते ग्रामीण।

पिपली पंचायत समिति के चेयरमैन विक्रमजीत सिंह चीमा ने कहा है कि पिपली का चहुंमुखी विकास करवाना उनका प्राथमिकता में रहेगा। पिपली का जितना विकास होना चाहिए था उतना नहीं हो पाया है। पिपली की पहचान के अनुसार ही यहां का चहुंमुखी विकास कराया जाएगा और पिपली क तमाम समस्याओं का निराकरण भी करवाया जाएगा। लोगों को कोई भी सुविधा न हो इसके लिए विशेष कदम उठाए जाएंगे। वे मंगलवार को पिपली के लोगों द्वारा किए गए स्वागत के दौरान संबोधित कर रहे थे। इससे पूर्व पिपली में पहुंचने पर विक्रमजीत चीमा का यशपाल सिंह, हरप्रीत सिंह, इकबाल सिंह, प्रदीप कुंदरा, अमरजीत सिंह, मनजीत सिंह, बलविंद्र, गुरविंद्र सिंह, अवतार सिंह, ईश्वर सिंह, सन्नी, मेहर सिंह, मुकेश कुमार व अमनदीप सिंह अन्य लोगों ने फूलमालाओं के साथ स्वागत किया। उन्होंने कहा कि पिपली धर्मनगरी के मुख्य प्रवेश द्वार पर होने के कारण एक अहम स्थान रखता है। यहां से प्रतिदिन हजारों की संख्या में पर्यटक व यात्री दूसरे राज्यों में जाते हैं, लेकिन पिपली में आज भी अनेकों ऐसी समस्याएं हैं जिनका निराकरण नहीं हो पाया है। पिपली की मुख्य समस्या यहां पर लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र छोटा होने के कारण यहां पर लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं पर्याप्त नहीं मिल पा रही हैं।

### युवा मतदाता सम्मेलन आज : सुभाष सुधा

**थानेसर।** विधायक सुभाष सुधा ने कहा कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर 25 जनवरी को पिपली रोड पर स्थित रॉयल पैलेस में सुबह 9 बजे युवा मतदाता सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इस सम्मेलन में 18 से 25 वर्ष आयु वर्ग के सभी युवा एकत्रित होंगे। इस युवा सम्मेलन को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सुबह 10 बजे ऑनलाइन प्रणाली से अपना संदेश भी देंगे। विधायक सुभाष सुधा ने बातचीत करते हुए कहा कि पूरे देश में 25 जनवरी को हर वर्ष राष्ट्रीय मतदाता दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस बार राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर युवा मतदाताओं को सुबह 10 बजे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपना संदेश देंगे और सभी युवा मतदाताओं से अपील की जाएगी कि अपने-अपने मत का प्रयोग जरूर करें।

## हर वर्ग को मिल रहा योजनाओं का लाभ

- राज्यमंत्री संदीप सिंह सिंचाई विभाग की 2 परियोजनाओं का किया शिलान्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा



हरियाणा के लेखन एवं मुद्रण राज्यमंत्री सरदार संदीप सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए संकल्प जो संकल्प लिया है, उसे साकार करने के लिए हर क्षेत्र में विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। आमजन के विकास हेतु हर कार्य की प्रक्रिया को बेहद सरल बना दिया गया है ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति लाभ से वंचित न रहे। राज्यमंत्री संदीप सिंह ने बुधवार को पिहोवा विश्राम गृह में उपमंडल प्रशासन की तरफ से आयोजित 2 परियोजनाओं के शिलान्यास कार्यक्रम में बोल रहे थे। इससे पहले राज्यमंत्री संदीप सिंह व मुख्यमंत्री के ओएसडी भूपेश्वर दयाल ने नरवाना ब्रांच नहर पर आरडी नंबर 257000 और एसवाईएल कैनाल पर किलोमीटर 29.332 पर सिंगल स्पेन पुल, जिस पर सिंचाई विभाग की तरफ से 8 करोड़ 82 लाख रुपए का बजट खर्च और नरवाना ब्रांच नहर पर आरडी नंबर 241000 और एसवाईएल कैनाल पर किलोमीटर 24.455 पर सिंगल स्टील स्पेन का पुल, जिस पर सिंचाई विभाग की तरफ से 8 करोड़ 38 लाख रुपए का बजट खर्च किया जाएगा का शिलान्यास किया। इससे पहले मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने हिसार से ऑनलाइन प्रणाली से हिसार में 784 करोड़ की 10 परियोजनाओं सहित प्रदेश की 2024 करोड़ की लागत की 153 परियोजनाओं का उदघाटन और शिलान्यास किया।

---



कुरुक्षेत्र। धरने के दौरान प्रदर्शन करते पटवारी व कानूनगो। *फोटो : हरिभूमि*

### पटवारी व कानूनगो की हड़ताल से लोग परेशान

**कुरुक्षेत्र।** पटवारी व कानूनगो की हड़ताल बुधवार को भी जारी रही। जिले के 62 पटवारी व 17 कानूनगो मांगों को लेकर धरने पर बैठे हुए हैं। हड़ताल लंबा होने के चलते अब सरकारी कार्यों पर भी असर पड़ रहा है। सरकारी कार्यालयों में काम करवाने वाले लोगों को निराश होकर वापिस लौटना पड़ रहा है, जबकि दूसरी ओर पटवार एसोसिएशन ने सरकार को चेतावनी दी है कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होंगी, उनका अनिश्चितकालीन धरना जारी रहेगा। ऐसे में हड़ताल का असर आम जन पर पड़ने से उनके कार्य नहीं हो पाएंगे। पटवारी एवं कानूनगो एसोसिएशन के प्रधान डॉ. साहब सिंह सैनी ने बताया कि जिले भर के पटवारी व कानूनगो वेतन में विसंगतियों को दूर करने, संसोधित नियमों को 2016 से लागू करने के लिए सरकार से मांग करते आ रहे हैं। लेकिन सरकार उनकी मांगों की अनदेखी कर रही है। उन्होंने बताया कि उनका धरना भीषण ठंड और शीत लहर के बीच भी जारी है। पिछले दिनों धरने पर बैठे एक पटवारी को ठंड लगने के कारण निमोनिया हो गया था और उस पटवारी की मौत हो गई थी। पटवारी व कानूनगो को अपनी मांगे मनवाने के लिए शीत लहर और भीषण ठंड के बीच धरना देना पड़ रहा है।

## प्रेसवार्ता कर बताई पार्टी की रणनीति

- समता पार्टी द्वारा 26 जनवरी को महाभारत की भूमि से होगा चुनावी शंखनाद : नरेश जोगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



हरियाणा समता पार्टी के प्रधान महासचिव एवं श्रमिक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष नरेश कुमार जोगी एवं प्रदेश उपाध्यक्ष सुशील चित्रा ने आज प्रेस वार्ता कर जानकारी देते हुए बताया कि 26 जनवरी को महाभारत की भूमि कुरूक्षेत्र से हरियाणा समता पार्टी चुनावी शंखनाद करने जा रही है। पिपली रोड पर सेक्टर 7 के सामने आयोजित होने वाले कार्यक्रम में समता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय मंडल, प्रदेश अध्यक्ष संजीव भारद्वाज, राष्ट्रीय महासचिव अनिल धीमान सहित पार्टी के कई बड़े नेता भाग लेंगे। नरेश जोगी ने बताया कि हरियाणा समता पार्टी प्रदेश में लोकसभा की 10 की 10 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में भय, भ्रष्टाचार, महंगाई ,बेरोजगारी चरम पर है। प्रदेश के नौजवान बच्चे बेरोजगारी के कारण रोजगार की तलाश में दूसरे देशों की ओर पलायन कर रहे हैं। महंगाई और भ्रष्टाचार के कारण आज जनता त्राहि त्राहि कर रही है। जोगी ने कहा कि प्रदेश में समता पार्टी की सरकार बनने पर भय, भ्रष्टाचार और महंगाई को कम किया जाएगा तथा सभी को मूलभूत सुविधाएं मुहैया करवाई जाएंगी। इस मौके पर संदीप जोगी, प्रदीप कुमार भी मौजूद रहे।

## गणतंत्र दिवस को लेकर जिला पुलिस अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



जिला पुलिस द्वारा गणतंत्र दिवस पर सुरक्षा को लेकर अलर्ट जारी किया है। जिला पुलिस द्वारा जिले भर में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। पुलिस अधीक्षक सुरेन्द्र सिहं भोरिया ने सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्र में सुरक्षा के कड़े इंतजाम करने के आदेश दिए गए । 26 जनवरी 2024 को पुलिस लाईन मे महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री मति कमलेश द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा। आयोजन स्थल व आयोजन स्थल की ओर जाने वाले सभी रास्तों पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। आयोजन स्थल के आसपास की सुरक्षा के लिए पीसीआर व चीता राइडरों को तैनात किया गया है। जिला पुलिस द्वारा गणतंत्र दिवस समारोह को शांतिपूर्वक तरीके से सम्पन्न करवाने के लिया पुख्ता सुरक्षा प्रबंध किये गये। आयोजन स्थल के प्रवेश द्वार पर मैटल डिटेक्टर लगाए गए हैं। पुलिस अधीक्षक ने गणतंत्र दिवस ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों को कड़े निर्देश दिए गए हैं। गणतंत्र दिवस समारोह के मध्य नजर आयोजन स्थल व अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर ड्रोन व ग्लाइडर उडाने पर पाबन्दी रहेगी।

---

## तीन परियोजनाओं का किया उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र




प्रदेश सरकार की तरफ से आने वाले वर्ष में ग्रामीण आंचल में छिपी प्रतिभाओं को तरासने के लिए हर 10 किलोमीटर के अंतर्गत गांवों में खेलों के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार किया जाएगा। इस बड़ी परियोजना के लिए प्रदेश सरकार की तरफ से खेल विभाग के माध्यम से मैपिंग का कार्य पूरा करवाया गया है। इस मैपिंग के माध्यम से यह तथ्य सामने आए है कि 307 गांवों में खेल इन्फ्रास्ट्रक्चर को तैयार किया जाएगा। इस से हरियाणा प्रदेश में ओलंपिक और अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी सहजता से तैयार किए जा सकेंगे। अहम पहलू यह है कि कुरुक्षेत्र में विधायक सुभाष सुधा और विधायक रामकरण ने जिला प्रशासन की तरफ से आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में प्रदेश सरकार की उपलब्धियों के बारे में बातचीत की है। विधायक सुभाष सुधा व विधायक रामकरण बुधवार को जिला प्रशासन की तरफ से लघु सचिवालय में आयोजित जिला स्तरीय विभिन्न परियोजनाओं के उदघाटन और शिलान्यास कार्यक्रम में बोल रहे थे। इससे पहले मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने हिसार से ऑनलाइन प्रणाली से हिसार में 784 करोड़ की 10 परियोजनाओं सहित प्रदेश की 2024 करोड़ की लागत की 153 परियोजनाओं का उदघाटन और शिलान्यास किया। इसी दौरान कुरुक्षेत्र लघु सचिवालय के सभागार में विधायक सुभाष सुधा व विधायक रामकरण ने गांव बिहोली में 2 करोड़ 59 लाख की लागत से निर्मित पिपली ब्लॉक के विकास एवं पंचायत विभाग के भवन का उद्घाटन किया।

### विद्यार्थियों ने योगासन और पीटी शो का किया शानदार प्रदर्शन

## साझे प्रयासों से भव्य होगा गणतंत्र समारोह: शांतनु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। रिहर्सल करते विद्यार्थी। *फोटो : हरिभूमि*

उपायुक्त शांतनु शर्मा ने कहा कि गणतंत्र दिवस 26 जनवरी के राष्ट्रीय पर्व के एक-एक क्षण को यादगार बनाना है। इस कार्यक्रम को भव्य और परम्परागत ढंग से मनाने के लिए सभी के सांझे सहयोग की जरूरत होगी। इस कार्यक्रम की तैयारियों में किसी प्रकार की कोई कमी नहीं रहनी चाहिए और समय रहते सभी विभाग अपने-अपने स्तर पर तैयारियां पूरी करनी सुनिश्चित करेंगे। अहम पहलू यह है कि गणतंत्र दिवस का कार्यक्रम 26 जनवरी को पुलिस लाइन पिपली के प्रांगण में होगा। इस कार्यक्रम में हरियाणा की महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री कमलेश ढांडा राष्ट्रीय ध्वजारोहण कर परेड की सलामी लेंगी। उपायुक्त शांतनु शर्मा बुधवार को पुलिस लाइन पिपली के प्रांगण में गणतंत्र दिवस समारोह की अंतिम फुल ड्रेस रिहर्सल के दौरान बोल रहे थे। इससे पहले उपायुक्त शांतनु शर्मा व पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र सिंह ने शहीदी स्मारक पर पुष्प चक्र अर्पित कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। इसके उपरांत फाईनल रिहर्सल के दौरान ध्वजारोहण किया और परेड का निरीक्षण किया। परेड का निरीक्षण करने के उपरांत मार्च पास्ट में शामिल जवानों की सलामी ली। इस दौरान उपायुक्त शांतनु शर्मा ने परेड को और बेहतर बनाने के लिए प्लाटून कमांडर को कुछ आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। इस दौरान विद्यार्थियों द्वारा बहुत सुंदर और मनमोहक योगासन और पीटी शो का प्रदर्शन किया। इसके साथ-साथ पुलिस, होमगार्ड के जवानों व एनसीसी के बच्चों ने भी शानदार मार्च पास्ट की प्रस्तुति दी है। उपायुक्त शांतनु शर्मा ने कहा कि कि 26 जनवरी के पावन पर्व पर विभिन्न विभागों की तरफ से झांकियां निकाली जाएंगी। प्रशासन द्वारा जोरों पर तैयारियां की जा रही हैं।

### नन्हें बच्चों की प्रस्तुतियां होंगी आकर्षण का केंद्र

पिहोवा। 75वें गणतंत्र दिवस समारोह को हर्षोल्लास व भव्य तरीके से मनाने के लिए बुधवार को अनाजमंडी के प्रांगण में छात्रों ने फुल ड्रैस में फाईनल रिहर्सल की। फाईनल रिहर्सल में सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा मार्च पास्ट व परेड की सलामी के साथ सभी छात्र-छात्राओं ने अपनी-अपनी प्रस्तुतियां दी। इन कार्यक्रमों की अध्यक्षता एसडीएम सोनू राम ने ध्वजारोहण करके तथा राष्ट्रद्रगान के साथ की। इस मौके पर उनके साथ डीएसपी रजत गुलिया भी उपस्थित थे।

